हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026


12 शिकायतों के निपटान में ढिलाई बरतने वाले...


12 जिंदल स्टेनलेस की हिसार इकाई को मिली...

## खबर संक्षेप

### पांच किलोग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** नारनौंद में सीआईए स्टाफ ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भकलाना निवासी नसीब के रूप में हुई है। सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 24 मार्च को पुलिस टीम जींद-भिवानी रोड पर गांव उगालन बस स्टैंड के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि श्याम उर्फ काला निवासी भकलाना गांजा लेकर पेटवाड़ की ओर जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने भकलाना-पेटवाड़ मार्ग पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक युवक प्लास्टिक कट्टा लिए आता दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से पांच किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### 254 ग्राम गांजे के साथ महिला पकड़ी, केस दर्ज

**नारनौंद।** नारनौंद थाना पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। एएसआई रेनू ने बताया कि पुलिस टीम गांव भैणी अमीरपुर बस स्टैंड पर गश्त के दौरान थी, तभी सूचना मिली कि राजथल निवासी महिला गली में बैठकर नशीला पदार्थ बेच रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और भागने की कोशिश कर रही महिला को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 254 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई जारी है।

### चोरी की बाइक के साथ धर्मखेड़ी का युवक धरा

**नारनौंद।** एवीटी स्टाफ ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। टीम जींद-नारनौंद रोड पर रजवाहा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी एक बाइक संदिग्ध मिलने पर रोकी गई। रिकॉर्ड जांच में बाइक चोरी की निकली। इस संबंध में थाना नारनौंद में पहले से मामला दर्ज था। पूछताछ में आरोपी की पहचान धर्मखेड़ी निवासी अजीत उर्फ मटरू के रूप में हुई, जिसने बाइक खरीदना स्वीकार किया। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि भैणी अमीरपुर निवासी धर्मवीर की शिकायत पर मामला दर्ज था। पुलिस ने बाइक बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

### चोरी के गेहूं व पिकअप के साथ पकड़ा गया आरोपी

**हिसार।** हिसार में आजाद नगर पुलिस ने गांव मुकलान के गेहूं गोदाम में हुई चोरी का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अग्रोहा रोड भूना निवासी राजकुमार उर्फ हनुमान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 50 क्विंटल चोरीशुदा गेहूं और वारदात में इस्तेमाल पिकअप गाड़ी बरामद की। थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, मुकलान निवासी मुकेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार को सौंपी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को काबू किया गया।

### अर्बन एस्टेट-2 में पानी की नई लाइन बिछेगी

**हिसार।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण अर्बन एस्टेट-2 में जल आपूर्ति सुधारने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू करेगा। यह पाइपलाइन न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल से यशोदा स्कूल तक डाली जाएगी। विभाग ने बताया कि काम के दौरान कई प्लॉटों के सामने बने रैंप हटाए या तोड़े जा सकते हैं, जिससे अस्थायी परेशानी होगी। प्लॉट मालिकों से अपील की गई है कि वे पहले ही अपना सामान और अवरोध हटा लें। यह कार्य जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्राथमिकता पर किया जाएगा और नागरिकों से सहयोग मांगा गया है।

# नगर निगम में ठप रहा कामकाज, शहर के कई इलाकों से कचरा भी नहीं उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सरकार द्वारा पालिका कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का लंबे समय से हल न किए जाने के रोषस्वरूप कर्मचारियों ने शुक्रवार से दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के पहले दिन नगर निगम में कामकाज लगभग ठप रहा, वहीं शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई।

शहर के कई इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों भी नहीं पहुंची। हड़ताली कर्मचारी नगर निगम के प्रवेश गेट के बैठ गए, जिस कारण निगम अधिकारियों को पैदल अपने-अपने कार्यालयों तक जाना पड़ा। निगम की अधिकतर शाखाओं में सन्नाटा पसरा पड़ा था। इसके अलावा अपने काम के सिलसिले में आए लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने अपनी हड़ताल को सफल होने का दावा किया है। उधर, कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि उनकी मांगों व समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हड़ताल के दौरान कर्मचारी नगर निगम कार्यालय में धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू का कहना है कि यह हड़ताल एक और दो मई को प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में हो रही है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और ठेका प्रथा समाप्त करने जैसी मांगों पर सरकार से कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

### ये उठाई मांगें

*हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने मुख्य मांगों का जिक्र किया। इनमें मुख्य रूप से कच्चे, अनुबंधित और आउटसोर्स कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए, समान काम के लिए समान वेतन और बकाया एरियर का भुगतान किया जाए, ठेका प्रथा खत्म कर कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लिया जाए, सफाई और सीवर कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए किया जाए, सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य भत्ते दिए जाएं, खाली पदों पर स्थायी भर्ती और नए पद सृजित किए जाएं, फायर विभाग के मृत कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए तथा पुरानी पेंशन बहाल की जाए, जोखिम भत्ते और अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएं।*

### मांगें नहीं मानीं तो बेमियादी होगी हड़ताल


हिसार। नगर निगम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे हड़ताल में शामिल कर्मचारी।

### ऑफिस स्टाफ ने किया नियमित कार्य : श्योरान

*क्लर्क एसोसिएशन के प्रधान जितेंद्र श्योरान ने दावा किया कि आज नगर निगम के ज्यादातर ऑफिस स्टाफ ने अपनी-अपनी शाखाओं में बैठकर नियमित रूप से कार्य किया तथा जनगणना सहित अन्य आवश्यक कार्यों को सामान्य रूप से पूरा किया। स्वास्थ्य स्थापना शाखा में सफाई कर्मियों की सैलरी बनाई गई, गृहकर शाखा व सीपीओ शाखा का ज्यादातर स्टाफ जनगणना की ड्यूटी में लगा हुआ था जो ऊपर मीटिंग हॉल में काम कर रहे थे, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट एचवीसी ब्रांच, सामान्य स्थापना शाखा, सफाई शाखा सभी में कार्य किया गया वहीं अकाउंट ब्रांच और लीगल ब्रांच में भी कार्य सामान्य रहा।*

### सरकार कर रही हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना : सैनी

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी ने बताया कि हाईकोर्ट भी कच्चे कर्मचारियों के पक्ष में फैसले दे चुका है। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने 10 साल से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए थे, जबकि 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने समान काम के लिए समान वेतन की बात कही थी। इसके बावजूद सरकार इन फैसलों को लागू नहीं कर रही है, जिसे उन्होंने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना बताया। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगमों में हजारों पद खाली पड़े हैं, लेकिन नई भर्तियां नहीं की जा रही हैं। इससे मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है और वे मानसिक दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### नारनौंद में भी रही हड़ताल

*नारनौंद। नगर पालिका कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान मंसाराम ने की। मंच संचालन ब्लॉक के उप प्रधान रमेश कुमार ने किया। इकाई प्रधान मंसाराम ने कहा कि सरकार हाईकोर्ट के आदेशों को भी लागू नहीं कर रही हैं। अगर समय रहते सरकार हमारी मांगों को नहीं पूरा करती है तो हड़ताल बेमियादी कर दी जाएगी।*

### फायर कर्मियों के परिजनों के लिए 1 करोड़ मुआवजा मांगा

*इस दौरान फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले फायर कर्मियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और नौकरी देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेशभर में फायर विभाग के कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिनकी सरकार अनदेखी कर रही है।*

## शहर के सेक्टर 13 में वारदात कर फरार पति की तलाश में जुटी पुलिस

# सिर में प्रेस मारने के बाद गला दबाकर की शिक्षिका की हत्या

**पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना कहा- अक्सर लड़ते थे, लेकिन नहीं पता था ये होगा अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के सेक्टर 13 में पति ने सिर में प्रेस मारकर व गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं फरार हुए आरोपी पति की तलाश में लगी है। बताया जा रहा है कि मृतका सोनिया निजी स्कूल में शिक्षिका थी। बताया जा रहा है कि सेक्टर 13 निवासी सौरव आनंद घर से बिना बताए कहीं चला गया था। सौरव की पत्नी सोनिया ने सिविल लाइन थाना में अपने पति के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाया था। बताया जा रहा है कि सोनिया का पति सौरव गुरुवार को ही वापिस आया था। इस पर सौरव व सोनिया दोनों शुक्रवार को सिविल लाइन थाना गए और गुमशुदगी की शिकायत कैंसिल करवाई। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद दोनों घर वापस आ गए, लेकिन घर पहुंचने के बाद दोनों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।



दोनों का विवाद इतना बढ़ गया कि सौरव ने सोनिया के सिर में प्रेस दे मारी। इससे वह घायल होकर गिर गई। बताया जा रहा है कि आरोपी ने घायल सोनिया का गला भी दबाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी सौरव मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर एकत्रित हुए पड़ोसियों ने सोनिया को लहूलुहान अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पुहंची, तब तक सोनिया की मौत हो चुकी थी। पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने सेक्टर 13 स्थित आवास पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने फरार हुए आरोपी सौरव की तलाश आरंभ कर दी है।

बताया जा रहा है कि मृतका और उसके पति के बीच पिछले काफी समय से अनबन चल रही थी। पड़ोसियों और जानकारों का कहना है कि दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। कई बार मामला बढ़ा, लेकिन हर बार परिजनों और स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत करवा दिया।

बताया जा रहा है कि अपनी छोटी मासूम बच्ची के भविष्य को देखते हुए दोनों जैसे-तैसे एक ही छत के नीचे रह रहे थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह अनबन एक दिन इस खूनी अंजाम तक पहुंच जाएगी।

## सीसवाल गांव में मामूली विवाद में युवक को पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

क्षेत्र के गांव सीसवाल में मामूली कहासुनी के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसवाल गांव में चौकीदार रामू के बेटे की पिटाई से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चौकीदार रामू का बेटा राधेश्याम मजदूरी करता था। गुरुवार रात को वह शराब ठेके के पास बैठा था। यहां पर उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई। दूसरे पक्ष के लोगों की पिटाई से राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव में झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राधेश्याम को अग्रोहा मेडिकल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो दिन में दूसरी वारदात

क्षेत्र में दो दिन में यह दूसरी हत्या है। इससे पहले बुधवार रात को आदमपुर रेलवे स्टेशन पर भी एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आए हैं।

### केस दर्ज, जांच शुरू

राधेश्याम के परिजनों ने बेटे की हत्या की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## बरवाला-हिसार क्षेत्र में 24 खेल नर्सरियों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने खेलों के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए क्षेत्र में 24 स्थानों पर खेल नर्सरियों की स्थापना को मंजूरी दिलवाई है। यह कदम क्षेत्र के युवाओं और उभरते खिलाडि़यों के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन सभी खेल नर्सरियों में योग्य एवं प्रशिक्षित कोचों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि खिलाडि़यों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण उनके घर के समीप ही उपलब्ध हो सके।



उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को समान अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारकर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल नर्सरियों की स्थापना से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। साथ ही, यह पहल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जानें... कहां होंगी नर्सरी

बरवाला के वार्ड नंबर 14 में हनुमान अखाड़ा सोसायटी के लिए कुश्ती की नर्सरी स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। एक खेल नर्सरी न्याणा में स्थापित की जाएगी। इसके अलावा राजीव गांधी स्टेडियम धांसू में बॉक्सिंग तथा एथलेटिक्स की अलग-अलग नर्सरियां स्थापित की जाएंगी। इसी प्रकार से गांव अलीपुर में खो-खो, राजकीय हाई स्कूल गांव रायपुर में कुश्ती, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा में हैंडबॉल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कैंट में बॉक्सिंग तथा हैंडबॉल की अलग-अलग नर्सरी, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सातरोड खुर्द में हैंडबॉल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सातरोड में हैंडबॉल, गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल सरसोद-बिछपड़ी में योगा, बरवाला के वार्ड नंबर 12 के राजकीय स्कूल में आर्चरी, ग्राम पंचायत लाडवा में हैंडबॉल, ग्राम पंचायत सरसोद में कबड्डी, बहबलपुर में योगा, ग्राम पंचायत ढाणी खान बहादुर में एथलेटिक्स, ग्राम पंचायत डाबड़ा में एथलेटिक्स, ग्राम पंचायत मैय्यड़ में रॉईंग, न्याणा में एथलेटिक्स, लाडवा में कबड्डी, जेबरा में कबड्डी, भिवानी रोहिल्ला में कबड्डी तथा कैमरी में योगा की नर्सरी स्वीकृत की गई है।

## पीरांवाली में आटा चक्की की दुकान में घुसकर किया हमला, कई घायल

**हिसार।** जिले के गांव पीरांवाली में देर रात आटा चक्की की दुकान पर घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित बसंत ने बताया कि वह गुरुवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान 10 से 15 युवक लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से लैस होकर पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने बसंत के साथ-साथ उसके दोनों बेटों साहिल और सूरज पर भी हमला किया, जिससे तीनों घायल हो गए। जिन्हे नागरिक अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे राकेश पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। आरोप है कि राकेश के पेट पर तेजधार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, दूसरे पक्ष के भी दो लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।घायल सूरज ने बताया कि एक दिन पहले हमलावरों के साथ मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके चलते उन्होंने देर रात दुकान पर आकर हमला कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना सदर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें 10-15 युवक दुकान में घुसकर मारपीट करते और तेजधार हथियारों से हमला करते नजर आ रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## जिंदल अस्पताल में चोरी की आरोपी महिला काबू, 25500 रुपये बरामद

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने जिंदल अस्पताल में जेब से नकदी चोरी करने के मामले में गोहाना निवासी महिला को काबू किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरीशुदा 25 हजार 500 रुपये बरामद कर लिए हैं। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में नहला निवासी जगदीश की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार गुरुवार को जब वह अपनी पत्नी को जिंदल अस्पताल मे दवाई दिलाने आया तो उसकी जेब से 35 हजार रुपये चोरी हो गए। जांच के दौरान मुख्य सिपाही रमेश कुमार ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साधनों की मदद से आरोपी महिला की पहचान कर उसे काबू करके आरोपी महिला से चोरी किए गए पैसों में से 25 हजार,500 रुपये बरामद किए गए हैं। शेष राशि की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं। उन्होने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है तथा यह भी जांच की जा रही है कि क्या वह पहले भी इस प्रकार की वारदातों में शामिल रही है। आरोपी महिला पर पहले भी चोरी के दो मामले दर्ज है।

## स्वेट कमांडो टीम ने पाबड़ा में की चेकिंग

**हिसार।** जिला में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से स्वेट कमांडो टीम ने पाबड़ा गांव में विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत गांव के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा उनके पहचान पत्रों की भी जांच की गई। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वैध दस्तावेज साथ रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, आमजन को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। स्वैट कमांडो टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी रखा जाएगा ताकि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जा सके।जिला पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की



अपील करते हुए कहा है कि वे पुलिस का साथ दें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन नंबर पर दें।

## पुलिस अलर्ट: 820 वाहन चेक, 250 के चालान काटे

**हिसार।** जिला में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा दिन-रात्रि के समय विशेष गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पैदल गश्त के साथ-साथ पीसीआर, राइडर एवं ईआरवी टीमों द्वारा शहर तथा आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में हिसार पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 844 वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 250 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिनमे 4 ड्रिंकिंग के चालान, 7 चालान बिना नंबर प्लेट, 7 ट्रिपल राइडिंग, 25 लाइन चेंज के चालान शामिल है

## पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# दो सत्र में 15 केंद्रों पर होगी परीक्षा, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला में 3 मई को आयोजित की जाने वाली नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी 15 परीक्षा केंद्रों तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शांतिपूर्ण और पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी उत्सव आनंद और एसडीएम ज्योति मित्तल के साथ गंगवा स्थित पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी व गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आरंभ होकर सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि नीट यूजी परीक्षा 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से प्रवेश आरंभ हो जाएगा। उपायुक्त ने सेंटर सुपरिटेंडेंट को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लडक़े और लड़कियों की अलग-अलग लाइन लगवाकर एंट्री करवाई जाए और बायोमैट्रिक जांच उपरांत परीक्षा केंद्रों तक भेजा जाए। उन्होंने स्वयं सीसीटीवी कैमरों की जांच की।


हिसार : नीट यूजी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन व अन्य अधिकारीगण।

### सभी केंद्रों पर 10-10 पुलिसकर्मी लगाए

उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांति के साथ संपन्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्हें अवगत करवाया गया कि सभी केंद्रों पर 10-10 पुलिसकर्मी लगाए जा रहे हैं।

### केंद्रों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था

उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा को लेकर हरियाणा राज्य परिवहन ने विशेष प्रबंध किए हैं। 15 परीक्षा केंद्रों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित करते हुए विशेष बस सेवाएं संचालित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने व परीक्षा समाप्ति के बाद शाम 5 बजे से 7 बजे तक उन्हें वापस लाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए विभाग रूटवार बसों का संचालन करेगा। जिन परीक्षा केंद्रों के लिए यह व्यवस्था की गई है, उनमें गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के टीचिंग ब्लॉक-7 और एचएसबी बिल्डिंग, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमेन (दिल्ली बाइपास रोड), गुरु दक्ष पॉलिटेक्निक, आर्मी पब्लिक स्कूल मिलिट्री स्टेशन हिसार, पीएम श्री केवी हिसार कैंट, गवर्नमेंट कॉलेज स्थित पीजी एंड कॉमर्स ब्लॉक तथा सावित्री बाई फुले ब्लॉक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर व कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस, कैंपस स्कूल, पीएम श्री जीएसएसएस गंगवा, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगवा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहाजपुल तथा जीएसएसएस पटेल नगर शामिल हैं।

## डिजिटल जनगणना में हर घर की गिनती शुरू, हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जनगणना से जनकल्याण थीम के साथ शुक्रवार से हर घर का डाटा एकत्रित करने का कार्य आरंभ हो गया है। इस कार्य में आने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी को लेकर जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी नागरिक हेल्पलाइन नंबर 01662-226633 पर अपनी शिकायत या सुझाव दे सकता है। यह हेल्पलाइन नंबर सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9 से 5 बजे तक संचालित रहेगा। उन्होंने कहा कि सेंसस 2027 को लेकर सभी नागरिक टीमों को सही जानकारी दें। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न करने की हिदायत दी।

### 980 ब्लॉकों में संगठित रूप से चलेगा अभियान

**हांसी।** जिला में शुक्रवार से घरों की गणना का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि गणना कार्य के सफल संचालन के लिए पूरे जिला को 980 गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य के लिए 1080 प्रगणकों तथा 180 सुपरवाइजर्स की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रत्येक सुपरवाइजर अपने अधीन प्रगणकों के कार्य की निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि गणना कार्य निर्धारित समय सीमा में और पूरी सटीकता के साथ पूरा हो।

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




### द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



### सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



### प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



### बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला




### पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।



### करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

#### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

#### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




#### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

#### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

#### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

#### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




#### अनदेखी सीजन 4, आड़ु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आड़ु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

#### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

#### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

#### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

#### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

मजदूर दिवस के अवसर पर जिलेभर में कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम

## भाजपा मजदूर सेल के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने मजदूरों संग मनाया मजदूर दिवस

# श्रमिकों के हकों की लड़ाई में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा संगठन : सुमित पूनिया



हिसार। मजदूरों को भोजन सामग्री वितरण करते भाजपा मजदूर सेल के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित पूनिया। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा श्रमिक संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित पूनिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। अब श्रमिकों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है और उनके हितों की रक्षा की जा रही है। सुमित पूनिया शुक्रवार को मजदूर दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मजदूरों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों को समृद्धि का संकल्प लिया जिसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन असंगठित और संगठित श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए लंबे समय से काम कर रहा है। अब मजदूर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्नब चटर्जी के नेतृत्व में संगठन केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं श्रमिकों तक पहुंचा रहा है।



हिसार। मजदूरों के बीच पहुंचे भाजपा मजदूर सेल के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित पूनिया।

### मजदूरों से उनकी समस्याएं भी सुनीं

सुमित पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आते ही सबसे पहले श्रमिकों के कल्याण के बारे में सोचा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इस देश के श्रमिकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। श्रमिकों की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति की जाए, यह सुनिश्चित करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, क्योंकि वह खुद एक गरीब परिवार से आते हैं। वह गरीबों का दर्द जानते हैं। वह जानते हैं कि एक गरीब परिवार की पृष्ठभूमि के व्यक्ति को अपने जीवन में किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब चुनौतियों को देखते हुए केंद्र सरकार ने श्रमिकों के लिए कल्याणकारी कदम उठाए, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। सुमित पूनिया ने मजदूरों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी।

## सिंचाई विभाग यूनियन ने बैठक कर कार्यकारी अभियंता को सौंपा मांग पत्र

**हांसी।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन (हांसी ब्रांच) के प्रधान अशोक यादव ने कहा है कि यदि विभाग ने अपना ढुलमुल रवैया नहीं बदला, तो कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने चेताया कि कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में शुक्रवार को यूनियन की आपात बैठक सभी सदस्यों ने लंबे समय से लंबित मांगों पर रोष व्यक्त किया। प्रधान अशोक यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार से मुलाकात की और विस्तार से समस्याओं पर चर्चा की। कार्यकारी अभियंता ने यूनियन के साथ लंबी वार्ता की और कर्मचारियों की कुछ मांगों का समाधान मौके पर ही कर दिया। शेष समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया। प्रधान ने कहा कि यदि आश्वासन के बावजूद मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यूनियन बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। प्रधान अशोक यादव ने कहा कि कर्मचारी विभाग की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी बुनियादी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है। हमने कार्यकारी अभियंता के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा है। हमें उम्मीद है कि वे अपने वादे पर खरा उतरेंगे। कर्मचारी एकजुट हैं और अपने हक की लड़ाई लड़ना जानते हैं। इस दौरान संदीप फौजी, नवीन फौजी, राजकुमार, प्रदीप लोहान, बलजीत यादव, बलराम रूप, संजय गौतम सहित अनेक कर्मचारी नेता उपस्थित रहे और एकजुटता का परिचय दिया।



हांसी। अपनी मांगों को लेकर बैठक करते हुए सिंचाई विभाग के कर्मचारी।

## उकलाना में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कार्यक्रम

**उकलाना।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर उकलाना मंडी की पंजाबी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के राधेश्याम, इंटक के प्रवीण कुमार और एटक के विजय कुमार ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन इंटक के केसर गहलोत ने किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में सीटू से मनोज कुमार सोनी, एटक से विक्रम सिंह सहित किसान नेता दयानंद, रौशनी देवी, विनोद दड़ौली और रामकुमार उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मनोज कुमार सोनी ने संबोधन में बताया कि मजदूर दिवस एक मई को क्यों मनाया जाता है और इस दिन शहीद हुए श्रमिकों व नेताओं के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने और ओवरटाइम का दोगुना भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। कार्यक्रम में सीटू से राजेश बिठमरा, श्याम कुमार, प्रेम कुमार, वीरेंद्र सिंह, सोमवीर, रामचंद्र, रीना, राजरानी तथा इंटक से सतीश कुमार, फौजी सिंह, नरेश आजाद, विजय, सत्यवान, रीना अन्य मौजूद रहे।





हांसी। मई दिवस पर आक्रोश रैली निकालते विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी।

## हड़ताल पर रहे नगर परिषद कर्मचारी

**हांसी।** श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर नगर परिषद कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस दौरान धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हड़ताल में सीटू, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, एआईयूटीयूसी, एटक, इंटक और रिटायर्ड कर्मचारी संघ सहित कई संगठनों ने भाग लिया। सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहीद स्मारक पहुंचकर श्रमिक दिवस के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने 1886 में शिकागो में हुए मजदूर आंदोलन का जिक्र किया, जिसके परिणामस्वरूप 8 घंटे कार्यदिवस और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकार मिले थे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने 1 और 2 मई को दो दिवसीय हड़ताल की। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जाएगा।

## मजदूर दिवस पर करवाई सृजनात्मक गतिविधियां

**बरवाला।** डीएवी आरजीटीपीपी पब्लिक स्कूल, खेदड़ में मजदूर दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं जागरूकता विकसित करने के लिए विभिन्न सृजनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से पहली कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने रंग भराई गतिविधि एवं कविता वाचन के माध्यम से श्रमिकों के महत्व को सहज एवं सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरी एवं तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने रंग भराई गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने चित्रों के माध्यम से श्रम की गरिमा को अभिव्यक्त किया। वहीं चौथी एवं पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने श्रमिकों के जीवन, संघर्ष एवं योगदान पर आधारित प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित सभी को प्रभावित किया।

## ट्रेड यूनियनों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नारनौंद।** मजदूर दिवस पर सभी ट्रेड यूनियनों मजदूर कर्मचारी रिटायर्ड कर्मचारी किसान, इंटक नगर पालिका में इकट्ठा होकर सबसे पहले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से इंटक के राज्य महासचिव धर्मवीर लोहान व रिटायर्ड कर्मचारी संघ प्रधान मास्टर रामस्वरूप ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन जसबीर श्योकंद ने किया। सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान मास्टर योगेंद्र माजरा और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के मास्टर रामस्वरूप ने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में 1886 में मजदूरों ने एक बड़ा आंदोलन करके अपनी शहादत देकर काम के आठ घंटे लागू करवाए थे। आज काम के घंटे को बढ़ाकर शोषण करने का काम किया जा रहा है। सरकार मजदूरों के हितों के लिए काम करें ताकि उनके परिवार का पालन पोषण ठीक तरीके से हो सके।

- **सरकार मजदूरों को परेशान न करके उनके हितों के लिए करें काम**

## एटक-महासंघ ने मनाया मजदूर दिवस

**हिसार।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) तथा हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित विभागीय संगठनों के संयुक्त आह्वान पर बस स्टेंड परिसर स्थित रोडवेज कर्मचारी यूनियन कार्यालय में मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सेवानिवृत कार्यकारी अभियंता का. नंदनलाल तंवर ने की तथा संचालन हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव देशराज वर्मा ने किया। समारोह में शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल ने कहा कि 13 मई को दिल्ली में सभी केंद्रीय श्रमिक संगठनों व किसान संगठनों की प्रस्तावित बैठक में देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसे हरियाणा में पूरे जोश से लागू किया जाएगा। समारोह को बैंक कर्मचारी नेता एडवोकेट वीएल शर्मा, सेवानिवृत तहसीलदार नरेश गोयल, राजपाल नैन, राजबीर दूहन, मनीराम, रामेश्वरनाथ, हनुमान प्रसाद, महेंद्र सिंह स्याहड़वा व रोडवेज से निरीक्षक सूरजमल आदि ने भी संबोधित किया।

## मनरेगा मजदूरों का विरोध प्रदर्शन



**हांसी।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के कार्यकर्ताओं ने मजदूर दिवस पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तथा 15 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल से संबंधित एक ज्ञापन एसडीएम राजेश कोथ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई मंच के जिला सचिव जोगिंद्र सिंह उमरा की। उन्होंने ने केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने नए श्रम कानूनों को मनरेगा और निर्माण मजदूरों के अधिकारों पर हमला बताया। मंच द्वारा एसडीएम राजेश खोथ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 15 मई को मनरेगा से जुड़े मेट, मजदूर और कर्मचारी शांतिपूर्ण राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। इस हड़ताल का मुख्य उद्देश्य मनरेगा से संबंधित समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना और उनका समाधान करवाना है। प्रतिनिधिमंडल में राजा मसूदपुर, रामनारायण गढ़ी, बलबीर सिंह और कृष्ण कुमार सुलचानी सहित कई अन्य मनरेगा सदस्य मौजूद रहे।



हांसी। मुख्य यजमान सचिन बंसल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश खरड़िया व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## सत्य पर अडिग रहने वालों को प्राप्त होती है समृद्धि : पुरुषोत्तम जोशी

**हांसी।** चौपटा बाजार स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में शुक्रवार को पुर्णिमा के अवसर पर आयोजित श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा का कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सचिन बंसल अपनी पत्नी शिल्पा बंसल के साथ मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलन व विधिवत पूजन एवं कथा में निष्ठापूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश खरड़िया ने की। पंडित पुरुषोत्तम जोशी द्वारा शास्त्रानुसार पूजन करवा कथा का वाचन किया। पंडित जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान की कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सत्यनारायण व्रत कथा के माध्यम से दृढ़तापूर्वक संदेश दिया गया है कि जो व्यक्ति अपने संकल्प या सत्य से पीछे हटता है। कथा उपरांत मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर ट्रस्ट प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, ट्रस्ट सचिव प्रवीण बंसल, पार्षद मनजीत सिंह जांगडा, चंद्रभान खरड़िया, पुर्व मुख्याध्यापक जय भगवान, प्रवीण सहारा, भारत सैनी, भीम राजौरा, पुष्पा बंसल, मधु बंसल, मधु गोयल, ज्योति शर्मा, कविता शर्मा, बिमला गुप्ता, अनीता गुप्ता, स्नेहलता जैन, पिंकी बंसल, गंगा देवी गर्ग, रेणु बंसल, नीतू बंसल, बेबी बंसल, सुमित्रा शर्मा, अंजु रानी, देबो देवी, ज्योति वर्मा, अंजली पांचाल, शान्ति जोशी, युग चराया, चेतन, अक्षय गुप्ता, वासुदेव शर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डॉ. बिदानी को नियुक्ति का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. योगेश बिदानी को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का निदेशक नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय नेताओं में खुशी की लहर है। सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, नरेश सिंघल, महाबीर जांगड़ा सहित तीनों मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, लोकेश असीजा, राहुल सैनी, सुरेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण बिश्नोई, अनुज जैन, प्रोमिला पूनिया तथा अन्य ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और ऊर्जा मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया है।

## 24 बोतल नाजायज शराब समेत दो गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस ने उकलाना गांव से दो युवकों को 24 बोतल सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान वार्ड 12 निवासी महेन्द्र व संजय के रूप में हुई है। उन्होंने बताया शक पर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी में 24 बोतल शराब बरामद हुई।

## 12 बोतल अवैध शराब के साथ एक दबोचा

**आदमपुर।** पुलिस ने आदमपुर मंडी से एक युवक को 12 बोतल नाजायज शराब सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के संगरिया के वार्ड 8 निवासी बाबूलाल के रूप में हुई है। शक के आधार पर एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12 बोतल शराब मार्का माल्टा मस्ती बरामद हुई।

## अवैध देशी शराब की 22 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 22 बोतल देशी शराब बरामद कर दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आदर्श नगर कालोनी निवासी आरोपी प्रवीन को साईं कॉलोनी से 10 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। दूसरी कार्रवाई में आरोपी ढाणी गुजरान निवासी प्रकाश के कब्जे से चरण सिंह मार्केट में 12 बोतल देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिए हैं।

## नशा मुक्त समाज के लिए सबको निभानी चाहिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी: प्रतीक्षा

**नारनौंद।** जिला प्रशासन द्वारा एचआईवी जागरूकता तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गांव पुट्ठी सैमन में एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। शिविर के दौरान एचआईवी जांच भी की गई, जिसमें नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के सरपंच सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी से नशा छोड़ने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। शिविर में मौजूद चिकित्सा टीम ने नागरिकों को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति भी जागरूक किया।

डॉक्टरों ने बताया कि यह वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। यह टीकाकरण गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतीक्षा सांगवान भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो धीरे-धीरे पूरे समाज को खोखला कर देती है और इसे खत्म करने के लिए केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

## बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर का रिटायरमेंट के बाद ग्रामीणों ने किया स्वागत

# 40 साल देश की सेवा की, अब ग्रामीणों को करूंगा सेना में जाने के लिए जागरूक: फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

भारतीय सुरक्षा बल में करीब 40 साल की नौकरी करने के बाद रिटायरमेंट के बाद शुक्रवार को सब इंस्पेक्टर फूल सिंह जब अपने पैतृक गांव राखी गढ़ी में पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब वह ग्रामीणों को सेना में जाने के लिए जागरूक करने का काम करेंगे। गांव राखी गढ़ी निवासी फूल कुमार गांव के ही सरकारी स्कूल से दसवीं कक्षा पास करने के बाद सेवा में भर्ती होने के लिए तैयारी करने लगा और उसकी मेहनत रंग लाई 1 अप्रैल 1987 को वह बीएसएफ में भर्ती हो गया उसकी पहली पोस्टिंग 36 बटालियन हिसार में हुई। देश के प्रति जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था उन्होंने ड्यूटी के दौरान अनेक साहसिक कार्य किए। जिसके लिए उनको मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान त्रिपुरा, दिल्ली हेड क्वार्टर, श्रीनगर, कश्मीर, गुवाहाटी, छावला कैंप दिल्ली, जम्मू और पंजाब में अपनी सेवाएं दी। रिटायरमेंट के बाद जब वह गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। वह इसको देखकर भावुक हो गए। तुमने सबसे पहले गांव के मंदिर में जाकर माथा टेका और प्रण लिया की अब वह गांव में सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेकर बुराइयों को खत्म करने का काम करेंगे।



नारनौंद। फूल कुमार अपने परिजनों के साथ व ग्रामीण उनका स्वागत करते हुए।

### यूं जागा जज़्बा

फूल कुमार ने बताया कि वह बचपन से ही अपने पड़ोस में रहने वाले सूबेदार तेल राम को देखते थे तो उन्होंने ठान लिया था कि वह भी सेना में जाकर देश की सेवा करने का काम करेंगे। नौकरी के दौरान काफी ऐसे हादसे हुए कि मौत को बिल्कुल पास से देखा। नौकरी के दौरान पत्नी राजबाला का काफी सहयोग रहा। ग्रामीणों ने ऐसा स्वागत किया है इसका अंदाजा नहीं था। वह इस पल को हमेशा याद रखेंगे। अब रिटायरमेंट के बाद वह गांव के युवाओं को सेवा में जाने के लिए जागरूकता लाने का काम करेंगे वहीं आज के समय मोबाइल फोन काफी घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने युवाओं के नाम संदेश दिया कि युवा मोबाइल फोन का काम से कम प्रयोग करें और बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें।

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)

(CIN: L27105HR1979PLC009913)

पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)

कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in

Website: www.jindalsteel.in

jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47

31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(शेयर और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2026 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2025 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2026 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 16,484.28 | 13,036.16 | 13,254.94 | 53,553.14 | 49,932.48 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 1,890.97 | 393.43 | 1,301.26 | 5,284.53 | 5,573.00 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,074.15 | 338.87 | 71.81 | 4,413.15 | 4,343.55 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,041.24 | 188.58 | (303.59) | 3,360.87 | 2,845.68 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 1,152.55 | 128.02 | (405.02) | 3,335.95 | 2,608.84 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) | 101.75 | 101.75 | 101.18 | 101.75 | 101.18 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | 50,797.16 | 47,083.70 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)- | | | | | |
| | बेसिक : | 10.27 | 1.87 | (3.35) | 33.12 | 27.83 |
| | डायल्युटेड : | 10.30 | 1.88 | (3.35) | 33.16 | 27.83 |

टिप्पणी :-

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(एस) की वेबसाइट (**www.bseindia.com** / **www.nseindia.com**) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (**www.jindalsteel.in**) पर उपलब्ध है और निम्नलिखित क्विक रेस्पोंस कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. इन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 01 मई 2026 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 01 मई 2026 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के मुख्य आंकड़े (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2026 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2025 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2026 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 16,199.75 | 13,565.15 | 13,086.59 | 54,320.20 | 48,932.41 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | (196.97) | 896.33 | 174.74 | 4,139.97 | 4,847.08 |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | (143.48) | 672.53 | 107.53 | 3,073.62 | 3,621.18 |

स्थान : रायगढ़
दिनांक : 01 मई 2026

बोर्ड के आदेशानुसार
देबोज्योति रॉय
पूर्ण-कालिक निदेशक

खबर संक्षेप

## एलपीजी की कीमत में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी निंदनीय

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने कमर्शियल गैस सिलेंडर व पांच किलो वाले छोटू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी को पूरी तरह से जनविरोधी बताया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि 70 साल में पहली बार कमर्शियल गैस सिलेंडर में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी हुई है और मजदूरों के नाम पर निकाले गए पांच किलो के छोटू गैस सिलेंडर की कीमतों में 261 रुपये की बढ़ोतरी करके सरकार ने मजदूरों को मजदूर दिवस का तोहफा दिया है, जो निंदनीय है।

## बुद्ध की शांति पर ध्यान सत्र और सत्संग कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन व ध्यान शिविर की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां पर 3 मई को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बुद्ध की शांति और करुणा पर आधारित ध्यान सत्र व सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में स्वामी संजय व मां सांची साधकों को ध्यान विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास भी करवाएंगे। इसके साथ ही महात्मा बुद्ध पर ओशो के संदेश व देशना पर आधारित सत्संग भी होगा। इसी श्रृंखला में 10 मई व 24 मई को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक ध्यान शिविर का आयोजन होगा।

## दिव्यांग केंद्र में आज होंगे निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में रविवार 3 मई को विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। इस दिन आंखों के सफेद मोतियाबिंद से ग्रस्त बुजुर्गों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा और कृत्रिम अंग फ्री उपलब्ध करवाए जाएंगे। अन्य नियमित दिनों की भांति दंत चिकित्सा, नेत्र जांच व फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी रहेंगी। भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते इस रविवार 3 मई को विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

## आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. केसी शर्मा ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें सत्य, धैर्य और मानवता का मार्ग दिखाता है। वहीं प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया ने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस की महिला समर्पित टीम ने किया जागरूक

**हिसार।** जिला पुलिस की महिला समर्पित टीम ने शहर के एफसी कॉलेज, डीएन कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज तथा गुजवि में अध्ययनरत छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरूक करना, आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) के महत्व को समझना तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के महिला विरुद्ध अपराधों, जैसे छेड़छाड़, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इससे बचाव के उपाय भी बताए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### जनशिकायतों की समीक्षा के लिए हुई समाधान प्रकोष्ठ की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

# शिकायतों के निपटान में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाधान शिविरों के दौरान आने वाली शिकायतों के निपटान में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि लंबित शिकायतों के निपटान में देरी हुई तो संबंधित की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आगामी कार्यवाही की जाएगी।

शुक्रवार को मुख्यालय द्वारा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के उपरांत उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के सुस्त रवैये के चलते वर्ष 2024-25 के भी कई मामले लंबित हैं। 2024 के 18 तथा 2025 के 162 मामले लंबित हैं। बैठक के दौरान उन्हें अवगत करवाया गया कि 10 जून 2024 से 29 अप्रैल 2026 तक आयोजित समाधान शिविर में कुल 6 हजार 94 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4 हजार 39 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1645 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई हैं।

उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से समाधान किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो। उपायुक्त ने विभाग वार शिकायतों की समीक्षा करते हुए हुए अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट नए फॉर्मेट में भरकर तुरंत समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश सुभाष चंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि



### समाधान शिविर में आई जन शिकायतें लंबित न रखें

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह हॉल में समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करना सुनिश्चित करें। डीसी ने समाधान शिविर में लंबित मामलों का निपटारा समय पर करने के निर्देश दिए। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसीएस विजेंद्र कुमार ने विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और मामलों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी राहुल नरवाल ने निर्देश दिए कि विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों को लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़े एसीएस विजेंद्र कुमार ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 व 2025 के लंबित मामलों को पोर्टल से जल्द समाप्त किया जाए। इस अवसर पर एडीसी लक्षित सरीन, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी पूरी, ड्यूटियां लगाईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ब्राह्मण धर्मशाला में 3 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। इसमें अनेक प्रसिद्ध हस्तियां पहुंचेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार उपस्थित होंगे। जिलाध्यक्ष रतनलाल शर्मा ब्राह्मण सभा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय कौशिक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंद शर्मा एचपीएससी सदस्य व डॉ. सुनील शर्मा रजिस्ट्रार सीडीएलू यूनिवर्सिटी, सिरसा शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र बनभौरी, एमपी शर्मा, पं. सुमन शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, विष्णु शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय शांडिल्य एवं पतराम शर्मा होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में रागनी कलाकार लोकेश शर्मा अपनी मधुर आवाज से भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान करेंगे। वहीं जादूगर अशोक सम्राट अपनी जादू की कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रधान शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। कार्यक्रम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव में समाज के जिन बच्चों या व्यक्तियों ने राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर या अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, खेल या अन्य क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त की है या जिन्होंने आफिसर के पद पर ज्वाइन किया हो, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



## गुजवि नैतिक मूल्यों से ओत-प्रोत मानव संसाधन तैयार करने के लिए कृतसंकल्प

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना तथा उत्कृष्टता से युक्त मानव संसाधन तैयार करने के लिए पूर्ण रूप से कृतसंकल्प है।

कुलपति के रूप में कार्यकाल विस्तार मिलने पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में गुरु जम्भेश्वर जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और मंदिर में शीश नवाया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के आदर्शों एवं सिद्धांतों को अपनाते हुए विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई भी उनके साथ उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि राज्यपाल प्रो. आसीम कुमार घोष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा व्यक्त विश्वास को और अधिक मजबूत करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। कुलपति कार्यालय पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई का स्वागत किया तथा कार्यकाल विस्तार के लिए शुभकामनाएं दी। सभी ने विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना पूर्ण योगदान देने का आश्वासन भी दिया।

## सुविधा एड्स एंड इवेंट्स को मिला 'एजेंसी ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

**हिसार।** चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित 5-स्टार होटल विंडहाम में आयोजित माय एफएम के एक्सीलेंस अवॉर्ड्स समारोह में सुविधा एड्स एंड इवेंट्स ने एक बार फिर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए 'एजेंसी ऑफ द ईयर' का खिताब हासिल किया। इस खास मौके पर बॉलीवुड अभिनेता जिमी शेरगिल ने कंपनी के डायरेक्टर भारत आहूजा को यह सम्मान प्रदान किया।




सुविधा एड्स एंड इवेंट्स पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रिंट मीडिया, रेडियो एडवरटाइजिंग, इवेंट्स, आउटडोर और डिजिटल सेक्टर में एक मजबूत और भरोसेमंद नाम के रूप में स्थापित है। अपनी लगातार बेहतर परफॉर्मेंस, क्रिएटिव अप्रोच और क्लाइंट सेंट्रिक वर्किंग के चलते कंपनी को समय-समय पर विभिन्न प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स से भी नवाजा जाता रहा है। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर भारत आहूजा ने माय एफएम का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं।

# जिंदल स्टेनलेस की हिसार इकाई को मिली ओवरऑल ट्रॉफी

- जिंदल स्टेनलेस को आईएमसी रामकृष्ण बजाज राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार 2025 में कई सम्मान मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस को प्रतिष्ठित आईएमसी रामकृष्ण बजाज राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार 2025 में कई सम्मान प्राप्त हुए हैं। यह उपलब्धि गुणवत्ता, मजबूत प्रणालियों और उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के क्षेत्र में कंपनी की अग्रणी पहचान को और मजबूत करती है। ये सम्मान आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किए गए, जहां भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कंपनी की हिसार इकाई को ओवरऑल ट्रॉफी के साथ-साथ ऑपरेशंस श्रेणी में एक्सीलेंस प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। वहीं, व्यवसायिक उत्कृष्टता और प्रदर्शन सुधार की निरंतर प्रगति के लिए जाजपुर इकाई को मैन्युफैक्चरिंग श्रेणी में परफॉर्मेंस एक्सीलेंस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब जाजपुर इकाई को यहां सम्मानित किया गया।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान जिंदल स्टेनलेस के लिए गर्व का विषय है और हमारी मजबूत प्रणालियों, अनुशासन तथा प्रदर्शन-आधारित कार्य संस्कृति को दर्शाता है, जिसे हमने अपने सभी परिचालनों में स्थापित किया है। हम उत्कृष्टता की संस्कृति को और सशक्त करने तथा वैश्विक स्तर की क्षमताएं विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करें।




हिसार। क्रिकेटर सुनील गावस्कर से पुरस्कार प्राप्त करती जिंदल स्टेनलेस की टीम।




## पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता कतई न्यायसंगत नहीं : चंद्रप्रकाश

**आदमपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा सेवारत शिक्षकों पर टीईटी (अध्यापक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के खिलाफ अध्यापक वर्ग में गहरा रोष व्याप्त है। इस निर्णय के खिलाफ मंडी आदमपुर के सिविल अस्पताल के सामने स्थित हुडा पार्क में एकजुट होकर धरना दे रहे सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों से विधायक चंद्रप्रकाश ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को खत्म करवाने की मांग भी रखी। विधायक चंद्रप्रकाश ने शिक्षकों से मुलाकात के दौरान कहा कि टीईटी की अनिवार्यता पुराने शिक्षकों के हितों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि हजारों शिक्षक लंबे समय से ईमानदारी और समर्पण भाव से अपना कार्य कर रहे हैं। अब अचानक उन शिक्षकों पर टीईटी पास करने का दबाव बनाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना तानाशाही से कम नहीं है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता उनका मनोबल तोड़ने वाला आदेश है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक 15-16 वर्षों से सरकारी विद्यालयों में पढ़ा रहे हैं, उनके अनुभव, सेवा और योग्यता को नजरअंदाज करके उन्हें फिर से परीक्षा के लिए बाध्य करना किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। चंद्रप्रकाश ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से शिक्षक वर्ग में असंतोष व्याप्त हो गया है। इसका सीधा प्रभाव शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। इसलिए सरकार को कई वर्षों से सेवारत शिक्षकों को टीईटी, एचटेट व सीटेट की अनिवार्यता से पूर्ण छूट प्रदान करके राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा जो ज्ञापन सौंपा गया है, इसका समर्थन करते हुए विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया जाएगा। चंद्रप्रकाश ने आश्वसत किया कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# एनआईआरसी हिसार ब्रांच के बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम शुभम जीती

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच के तत्वावधान में बोर्ड ऑफ स्टडीज (ऑपरेशंस) द्वारा आयोजित किए गए बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम शुभम विजेता रही। पहला सेमीफाइनल मैच टीम तारुषि व टीम सागर के बीच खेला गया। इस मैच में टीम तारुषि विजेता रही। इस मैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके चैतन्य मैन ऑफ द मैच रहा। दूसरा सेमीफाइनल मैच टीम शुभम व टीम आकांक्षा के बीच खेला गया। इस मैच में टीम शुभम विजेता रही और जागृत को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच टीम शुभम व टीम तारुषि के बीच खेला गया। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करके शुभम मैन ऑफ द मैच बना और इसके साथ ही शुभम को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी दिया गया। तुषार को बेस्ट बॉलर, नितेश को बेस्ट फील्डर और आकांक्षा को बेस्ट फीमेल प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल ने खेल भावना से खेलने के लिए सभी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेशक टीम शुभम विजेता और टीम तारुषि उपविजेता रही , लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाला हर खिलाड़ी अपने आप में विजेता है।

## मूक-बधिर बच्चों का त्रिकोणीय क्रिकेट टूर्नामेंट आज से गुजवि में

**हिसार।** श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र द्वारा 2 व 3 मई को मूक-बधिर (श्रवण एवं वाणी निशक्त) बच्चों का त्रिकोणीय क्रिकेट टूर्नामेंट गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के सहायक निदेशक अमित चौधरी करेंगे। मीडिया प्रभारी सत्यपाल अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में वेलफेयर सेंटर गुरुग्राम, वेलफेयर सेंटर करनाल तथा वेलफेयर सेंटर हिसार की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट आधार पर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, जनरल सेक्रेटरी कृष्ण चोपड़ा, पंचकूला के सहायक निदेशक संजीव गोयल, रायपुर रानी की सहायक निदेशक आकांक्षा, करनाल की सहायक निदेशक दीपिका कादयान, गुरुग्राम की सहायक निदेशक नविता शर्मा, सोनीपत के सहायक निदेशक मोहित डागर, नगीना के सहायक निदेशक मुकेश कुमार तथा सिरसा के सहायक निदेशक विपुल कादयान सहित अन्य गणमान्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा जनकल्याण मंच के अध्यक्ष बने प्रवीण हिंदू

**हिसार।** भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलकधारी, अशोक मेहरा प्रदेश महामंत्री के सम्मान में एक स्वागत समारोह का हुआ। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अशोक तिलकधारी ने भाजपा जनकल्याण मंच की विचारधारा, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला व प्रवीण हिन्दू को भाजपा जन कल्याण मंच का जिला हिसार के अध्यक्ष के लिए मनोनीत कर घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान प्रवीण हिन्दू ने सभी का धन्यवाद किया।



## खाद्यान्न उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने में डॉ. रामधन का अहम योगदान

- हकृवि में स्वर्गीय राव बहादुर डॉ. रामधन सिंह की जयंती पर कार्यक्रम

**हिसार।** खाद्यान्न उत्पादन में अभूतपूर्व योगदान देने वाले महान कृषि वैज्ञानिक स्व. राव बहादुर डॉ. रामधन सिंह की 135वीं जयंती पर एचएयू के कृषि महाविद्यालय के कमेटी कक्ष में एक कार्यक्रम हुआ। आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग की ओर से हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने डॉ. रामधन सिंह के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने गेहूं, चावल, जौ एवं दलहनों की उन्नत किस्में विकसित करके भारतीय कृषि को नई दिशा दी। हरित क्रांति के दौरान उनके योगदान से हरियाणा एवं पंजाब में उत्पादन और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि डॉ. रामधन सिंह ने 1933-34 में गेहूं की प्रसिद्ध किस्में सी-518 एवं सी-591 विकसित की, जो अपनी उच्च उत्पादन क्षमता और रोग प्रतिरोधकता के लिए जानी जाती हैं। उनके द्वारा विकसित बासमती चावल की अनेक किस्में तथा गेहूं की सी-306 आज भी लोकप्रिय हैं। अपने जीवनकाल में उन्होंने विभिन्न फसलों की 25 से अधिक उन्नत किस्में विकसित कीं। डॉ. रामधन ने पारंपरिक खेती की बजाय वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। वे कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे और उन्होंने किसानों तथा छात्रों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी, जिससे उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हुई। उनके प्रयासों से खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ।

## वर्क फ्रॉम होम के नाम पर की जा रही ठगी से सावधान रहें नागरिक : एसपी

हिसार। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वर्क फॉम होम के नाम पर हो रही ठगी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा आजकल वर्क फॉम होम के नाम पर ठगी की जा रही है। इस प्रकार की ठगी में घर बैठे महिलाओं को ज्यादा टारगेट किया जाता है। पढ़े लिखे लोगों से भी ठगी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें महिलाओं को वर्क फॉम होम का झांसा देकर अच्छे रुपए कमाने के नाम पर ठगी की जाती है। यह देखने में आया है कि ज्यादातर महिला अपने साथ ठगी होने पर वह इस बात का जिक्र अपने परिवार या पति से नहीं करती हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग आपको एक क्लिक करने के नाम पर 50 रुपये मिलने का झांसा देकर अपने चंगुल में फंसाते हैं और उनके स्क्रीन पर इतना पैसा नजर आता है कि लालच बढ़ने लगता है। आपको स्क्रीन पर आपका फर्जी स्कोर दिखाया जाता है। साइबर ठग किसी प्रकार की गलती करने का बहाना बनाकर आपके सभी पॉइंट खत्म होने की बात बोलते हैं। उसे रिकवर करने के लिए दूसरे खेल में पैसा लगाकर सदस्य बनाने की बात कहते हैं। इस प्रकार आमजन रुपयों का लालच देकर साइबर ठगों के झांसे में आ जाता है और वह अपनी गाढ़ी कमाई गंवा बैठता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि ऐसे लालच से बचे व समझदारी से काम लें। हमेशा यह ध्यान रखें कि कोई भी ऐसा काम नहीं है जिसमें क्लिक करने पर पैसा मिले। ऐसे जालसाजों से बचें व उनके झांसे में ना आएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि आपके साथ किसी प्रकार प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो इसकी शिकायत तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करके दर्ज करवाएं और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।

खबर संक्षेप



## टीटीसी के संस्थान निदेशक डॉ. मुकेश जैन को दी विदाई

**हिसार।** उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में निदेशक डॉ. मुकेश जैन के कार्यमुक्त होने के अवसर पर एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. जैन ने द्वारा आधुनिक कृषि मशीनरी शेड एवं नवीनीकृत अतिथि गृह का लोकार्पण भी किया गया। आज लोकार्पित कृषि मशीनरी शेड केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 1.40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित है, जो कृषि मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव में सहायक होगा। इस अवसर पर पिछले पांच वर्षों की उपलब्धियों और कृषि यंत्रीकरण में किए गए अभिनव कार्यों को रेखांकित किया गया। वर्ष 2021–2026 के दौरान डॉ. जैन के नेतृत्व में संस्थान ने परीक्षण, प्रशिक्षण एवं तकनीकी नवाचार में उल्लेखनीय प्रगति की। डॉ. मुकेश जैन ने कहा कि यह प्रगति किसानों के जीवन स्तर में सुधार और आधुनिक तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण है तथा संस्थान आगे भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

## पदोन्नति से खिले चेहरे, कंधों पर सजे सफलता के सितारे

**हिसार।** जिला पुलिस में पदोन्नति के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएसआई से एसआई पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों के कंधों पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। पदोन्नति पाने वाले वालों में एएसआई सुरेन्द्र सिंह थाना अग्रोहा, एएसआई रवि कुमार प्रभारी डीडीए शाखा, एएसआई हरभजन सिंह प्रोसीक्युशन प्रभारी, एएसआई रमेश कुमार प्रभारी जियो मैस व एएसआई कुलदीप सिंह ट्रैफिक थाना शामिल है।



एसपी जैन ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और उत्कृष्ट सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति न केवल सम्मान है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। समारोह के दौरान अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रवाचक बलवंत सिंह, प्रभारी सुरक्षा शाखा, लेखा प्रभारी सतबीर सिंह, आशुलिपिक प्रमोद कुमार तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## बूढ़ाखेड़ा पैक्स के प्रबंधक सुरजीत सिंह सेवानिवृत्त

**उकलाना।** बूढ़ाखेड़ा पैक्स के प्रबंधक सुरजीत सिंह 42 वर्षों की लंबी सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और उनके योगदान को सराहा गया। हरियाणा पैक्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश महासचिव हनुमान बेनीवाल ने कहा कि सुरजीत सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं को संघर्ष के माध्यम से समाधान करवाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कर्मचारियों के हितों के लिए आवाज उठाई, जिससे अनेक कर्मचारियों को लाभ मिला। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी उन्हें सहकार भारती में विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि वे समाज सेवा का कार्य जारी रख सकें। बूढ़ाखेड़ा पैक्स के अध्यक्ष जगदीश, अमृतपाल नैन, हनुमान गोदारा, अनिल पूनिया, शमशेर सिंह, तकदीर सिंह, कृष्ण कुमार, कृष्ण कुंडू, दिलबाग सिंह आदि उपस्थित रहे।